संख्या- 178 /2022/ 2082 /चार-2022

प्रेषक,

रघुनाथ प्रसाद वर्मा,
अनु सचिव,
उ0प्र0शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ।

संस्कृति अनुभागः लखनऊः दिनांक 07 अक्टूबर, 2022

विषय- दिनांक 22 से 25 सितम्बर, 2022 की अवधि में पं0 दीनदयाल उपाध्याय समृति महोत्सव के आयोजन हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति के संबंध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-1871/सं0नि0-15(46)/2022-23, दिनांक 19 सितम्बर, 2022 तथा पत्र संख्या-1941/सं0नि0-15(46)/2022-23, दिनांक 22 सितम्बर, 2022 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2. इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रस्तावानुसार चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति महोत्सव हेतु रू0 18.24 लाख तथा उक्त अवसर पर दिनांक 25 सितम्बर, 2022 को आयोजित कवि सम्मेलन हेतु रू0 3.00 लाख अर्थात् कुल रू0 21.24 लाख (रूपये इक्कीस लाख चौबीस हजार मात्र) की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति निम्न शर्तों के अधीन प्रदान की जाती हैः-

(1) समस्त कार्यों का सत्यापन कराकर नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

(2) उक्त स्वीकृत धनराशि का आहरण/उपयोग नियमानुसार किया जायेगा।

(3) चार दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए कलाकारों एवं दर्शकों के अनुरूप लाइट एव साउंड की व्यवस्था हेतु भुगतान तथा चार दिवसीय मंच सज्जा बैक ड्राप एल0ई0डी0 पर जी0एस0टी0 सहित व्यय का भुगतान महोत्सव समिति को किया जायेगा तथा अन्य भुगतान संस्कृति निदेशालय द्वारा कलाकारों तथा संबंधितों को किया जायेगा।

(4) कार्यक्रम के फोटोग्राफ, पेपर कटिंग व उपयोगिता प्रमाण-पत्र आदि उपलब्ध कराया जायेगा ।

3. उक्त धनराशि का व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक अनुदान सं0-92 के अधीन लेखाशीर्षक -2205-कला तथा संस्कृति- आयोजनेत्तर- 001-निदेशन एवं प्रशासन- 102-कला एवं संस्कृति का संवर्द्धन-16-क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्र -42- अन्य व्यय मद में उपलब्ध धनराशि से किया जायेगा।

भवदीय,
रघुनाथ प्रसाद वर्मा
अनु सचिव

संख्या- 178 /2022/ 2082 (1) /चार-2022, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम, उ0प्र0, प्रयागराज।
2- वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।
3- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- वित्त(लेखा) अनुभाग-1/वित्त(ई-7) अनुभाग, उ0प्र0 शासन।
5- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
रघुनाथ प्रसाद वर्मा
अनु सचिव

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in